ई पी आई EPI

वार्षिक रिपोर्ट

ANNUAL REPORT



Shri Vilas Rao Deshmukh, Hon'ble Union Minister for Heavy Industries & Public Enterprises, receiving the cheque towards final dividend for the year 2008-09.

Shri Vilas Rao Deshmukh, Hon'ble Union Minister for Heavy Industries & Public Enterprises, releasing EPI's Environmental Manual

विषयसूची

निदेशक मंडल	02
संदर्भ सूचना	03
पांच वर्ा के कार्य-निपादन पर एक नजर	04
अध्यक्ष का वक्तव्य	05-06
वार्षिक आम बैठक की सूचना	07
निदेशकों की रिपोर्ट	08-17
निगमित सुशासन पर रिपोर्ट	18-26
प्रबंधन परिचर्चा और विश्लेाण रिपोर्ट	27-31
लेखापरीक्षक की रिपोर्ट और कंपनी के उत्तर	32-33
लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट का अनुबंध	34-37
लेखा-विवरण	38-63
नकदी प्रवाह संबंधी विवरण	64-65
कंपनी अधिनियम 1956 के भाग IV के अनुसार अतिरिक्त सूचना	66
भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां	67

निदेशक मंडल

श्री एस.पी.एस. बक्शी
अध्यक्ष-सह प्रबंध निदेशक

श्री ए.के. रतवानी
निदेशक (परियोजनाएं)

श्री जी.डी.मूरजानी
निदेशक (वित्त)

श्री राजीव बंसल,
संयुक्त सचिव, भारी उद्योग विभाग

श्री आर. असोकन
निदेशक,आईएफ विंग,
भारी उद्योग विभाग



श्री अरुण दत्ता
स्वतंत्र गैर-सरकारी निदेशक

श्री अन्जन कुमार मित्रा
स्वतंत्र गैर-सरकारी निदेशक

संदर्भ सूचना

पंजीकृत कार्यालय

कोर 3, स्कोप कॉम्पलैक्स,
7 लोदी रोड
नई दिल्ली-110003
फोन सं.91-11-24361666
फैक्सः 91-11-24362436
ई-मेलः epico@epi.gov.in
वेबसाइटः www.epi.gov.in

क्षेत्रीय कार्यालय

पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय-कोलकाता
50, चौरंगी रोड (8वीं एवं 9वीं मंजिल),
कोलकाता-700071
फोन नं- 91-33- 22824426-27-29
फैक्सः 91-33-22824428
ई-मेलः ero@epi.gov.in

पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय- मुम्बई
"बख्तावर", 6ए, 6वीं मंजिल,
नरीमन प्वाइंट मुम्बई- 400021
फोनः 91-22-22027585, 22026347
फैक्सः 91-22-22882177
ई-मेलः wromumbai@epi.gov.in

उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय- दिल्ली
कोर-3, दूसरी मंजिल, स्कोप कॉम्पलैक्स
7 लोदी रोड, नई दिल्ली-110003
फोनः 91-11-24361666
फैक्सः 91-11-24368293
ई-मेलः nro@epi.gov.in

दक्षिणी क्षेत्रीय कार्यालय- चेन्नई,
3डी, ईस्ट कोस्ट चैम्बर्स
92, जी.एन.शेट्टी रोड
टी.नगर, चेन्नई-600017
फोनः 91-44-28156886, 28156421
फैक्सः 91-44-28156629
ई-मेलः sro@epi.gov.in

उत्तर-पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय
वास्तव कॉम्पलेक्स (पहली मंजिल)
त्रिपुरा रोड, जया नगर
बेल्टोला गुवाहाटी-781028
फोनः 09863021819
ई-मेलः nero@epi.gov.in

बैंकर्स

इलाहाबाद बैंक
बैंक ऑफ बड़ौदा
केनरा बैंक
एचडीएफसी बैंक
कॉरपोरेशन बैंक
देना बैंक
आईडीबीआई बैंक
ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स
पंजाब नेशनल बैंक
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद
स्टेट बैंक ऑफ सौराट्र
सिंडिकेट बैंक
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

लेखापरीक्षकः

मैसर्स वाकर चंदोक एण्ड कंपनी,
सनदी लेखाकार
एल-41, कनाट सर्कस,
नई दिल्ली-110001

शाखा लेखापरीक्षक

मैसर्स जी.पी. अग्रवाल एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
7-ए, किरन शंकर रे रोड,
कोलकाता-700001
पश्चिम बंगाल

मैसर्स सिंघवी ओतुरकर एण्ड केलकर,
फ्लैट नं.ए-202, दूसरी मंजिल,
ए विंग, गुलमोहर अपार्टमेंट,
निकट भण्डारी हाल,
पी एल काले गुरूजी मार्ग,
दादर (पश्चिम)
मुम्बई-400028
महाराट्र

मैसर्स सेकर एण्ड मोहन,
शॉप नं.10, पहली मंजिल,
18, नटेसन स्ट्रीट, टी. नगर,
चेन्नई-600017,
तमिलनाडु

ईपीआई के गत 5 वर्षों के कार्य-निष्पादन पर एक नजर

(रू.लाखों में)

विवरण/वर्ा	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09
अ. परिचालन संबंधी आंकड़े					
कुल कारोबार	51203.87	63737.95	76360.86	85105.51	95870.53
अन्य आय	1728.94	1854.51	2065.55	2130.53	3079.91
कुल आय (क)	52932.81	65592.46	78426.41	87236.04	98950.44
कुल व्यय (ख)	51907.22	63917.23	76213.54	84866.95	96091.69
सकल मार्जिन (क-ख)	1025.59	1675.23	2212.87	2369.09	2858.75
ब्याज	156.01	203.26	363.99	263.90	214.70
मूल्यह्रास	94.07	140.74	93.79	91.57	78.16
कर-पूर्व लाभ (पीबीटी)	775.51	1331.23	1755.09	2013.62	2565.89
अनुंगीय लाभ कर सहित आयकर	56.17	92.08	225.42	260.43	322.34
कर पश्चात लाभ (पीएटी)	719.34	1239.15	1529.67	1753.19	2243.55
लाभांश	531.34	708.45	708.45	708.45	708.45
लाभांश कर	72.83	99.36	99.36	136.18	120.40
धन कर	Nil	Nil	Nil	0.08	Nil
रोक कर रखा गया अधिशेा	115.17	431.34	721.86	908.48	1414.70
कर्मचारियों की संख्या	468	469	469	499	472
इक्विटी शेयरों की संख्या	9094400	9094400	9094400	9094400	9094400
ब.वित्तीय स्थिति					
शेयर पूंजी	3542.27	3542.27	3542.27	3542.27	3542.27
प्रारक्षित और अधिशेा	5703.47	6134.82	6856.68	7235.82	8650.52
बट्टे खाते में न डाले जाने वाली सीमा तक विविध व्यय	409.27	204.63	0.00	0.00	0.00
निवल परिसंपत्ति/शेयर धारकों की निधि	8836.47	9472.46	10398.95	10778.09	12192.79
स. वित्तीय अनुपात					
सकल मार्जिन/कुल कारोबार का %	2.00	2.63	2.90	2.78	2.98
कर से पहले लाभ/कुल कारोबार का %	1.51	2.09	2.30	2.37	2.68
कर से पहले लाभ/निवल मूल्य %	8.78	14.05	16.88	18.68	21.04
कर पश्चात लाभ/निवल मूल्य %	8.14	13.08	14.71	16.27	18.40
प्रति कर्मचारी कारोबार	109.41	135.90	162.82	170.55	203.12
भुगतान किया गया लाभांश/ कर पश्चात लाभ %	73.86	57.17	46.31	40.41	31.58
भुगतान किया गया लाभांश/ कर से पहले लाभ %	68.51	53.22	40.37	35.18	27.61
प्रति शेयर होने वाली आय (रू. में)	7.91	13.63	16.82	19.28	24.67
38.95 रू. के प्रत्येक शेयर का बही मूल्य (रू. में)	97.16	104.16	114.34	118.51	134.07

अध्यक्ष का वक्तव्य

प्रिय शेयरधारक

मैं आप सभी का आपकी कंपनी की 39वीं वार्षिक आम बैठक में स्वागत करता हूँ। वर्ा 2008-09 के दौरान विश्व ने सन् 1929 के बाद से अभी तक की सबसे बड़ी मंदी झेली है, यह मुद्रास्फीति को भगाने के लिए परिसंपत्ति बाजार के चर्मोत्कर्ा से वित्तीय बाजार के नट होने के पश्चात वित्तीय संस्थानों की विफलता का सबसे बड़ा दौर था। इसके दुप्रभाव से हमारी कंपनी भी अछूती नहीं रही। भारत सरकार द्वारा इस उद्योग को बहुत से उद्दीप्त पैकेज दिए जाने के बावजूद भी हमें अपनी वृद्धि दर का संशोधित अनुमान 9% से घटाकर 6.7% करना पड़ा था।

ऐसी पृठ भूमि के विरूद्ध मुझे खुशी है कि आपकी कंपनी ने अपनी गति बनाए रखी और 958.70 करोड़ रू. का कुल कारोबार हासिल किया (गत वर्ा 851.06 करोड़ रू.)। कर अदा करने से पहले कंपनी का निवल लाभ भी वर्ा 2007-08 में 20.14 करोड़ रू. से बढ़कर वर्ा 2008-09 में 25.66 करोड़ हो गया है।

वर्ा 2008-09 के दौरान आपकी कंपनी ने प्रदत्त शेयर पूंजी के 10% के बराबर की राशि का भुगतान अन्तरिम लाभांश के रूप में किया है और वर्ा 2008-09 के लिए ही प्रदत्त शेयर पूँजी की 10% राशि का भुगतान अंतिम लाभांश के रूप में करने की सिफारिश की है। इस प्रकार 35.42 करोड़ रू. की प्रदत्त शेयर पूँजी पर इस वर्ा के लिए कुल 20% लाभांश की घोाणा की गई है।

ऑर्डर बुकिंग के संदर्भ में आपकी कंपनी ने विशेा रूप से उत्कृ-ट निपादन किया है। आपकी कंपनी 1200 करोड़ रू. के समझौता ज्ञापन लक्ष्य के विरूद्ध 2430.51 करोड़ रू. मूल्य के आर्डर प्राप्त करने मे सफल रही है।

सतत् वृद्धि के परिणामस्वरूप आपके कंपनी के निपादन को सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा पिछले तीन वर्ाों से लगातार "उत्कृट" कोटि प्रदान की जा रही है। वर्ा 2008-09 के लिए भी लेखा-परीक्षित आंकड़ों के आधार पर आपकी कंपनी "उत्कृट" कोटि की पात्र पायी गई है।

अवसंरचनात्मक विकास की एक ऐसे वाहन के रूप में पहचान की गई है जो भारत को इस मंदी के दौर से बाहर आने में सहायता करेगा। इसको ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने आगामी 6 से 7 वर्ाों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में अवसंरचनात्मक विकास के लिए 17,50,000 करोड़ रू. से भी अधिक की राशि व्यय करने की परिकल्पना की है। इसमें से 70% से अधिक राशि इंजीनियरिंग और निर्माण संबंधी विशेाज्ञता के लिए व्यय की जाएगी और यही ऐसा क्षेत्र है जिसमें ईपीआई कार्य कर रही है।

इन व्यापारिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए आपकी कंपनी की अवसंरचना ने आमूलचूल परिवर्तन के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं ताकि इसे विद्युत, राजमार्ग, विमानन और इंजीनियरिंग क्षेत्रों में बड़ी परियोजनाएं पूरी करने के लिए एक विश्व स्तरीय सुविधा बनाया जा सके। निकट भविय में आपकी कंपनी के भावी परिचालन के लिए एक मैक्रो स्तर की निगमित योजना लागू की जाएगी जिसके अन्तर्गत संगठन में प्रत्येक स्तर पर ज्ञान का आदान-प्रदान करने और निकटतम सहक्रिया को प्रमुख घटक बनाया गया है। हम उम्मीद करते हैं कि हमने जिन क्षेत्रों जैसे परमाणु ऊर्जा, मास ट्रांजिट सिस्टम, मेगा पावर परियोजनाएं, आधुनिक टाउनशिप, बड़े हवाइ-अड्डे, बहु-लेन वाले राजमार्ग और मुक्त मार्ग, ट्रेड मुक्त जोन आदि में अभी तक प्रवेश नहीं किया है, में हम गुणवत्ता, लागत और स्थायी वातावरण पर ध्यान केन्द्रित करते हुए प्रवेश करें।

अर्थपूर्ण कायाकल्प करने के लिए बहुत से प्रयास किए गए हैं। नए लोगो को अपनाते हुए आपकी कंपनी की पहचान को नया लुक देने के लिए एक प्रयास किया गया है। नया लोगो एक पिरामिड के रूप में है जिसके आधार में एक गोला और एक ओर ग्रिड लाइन बनाई गई है तथा दोनों ओर द्विभाकि रूप में ईपीआई लिखा गया है। यह लोगो स्थाई वृद्धि को प्रतिबिम्बित करता है। कार्य प्रक्रियाओं, पदोन्नति, भर्ती और स्थानान्तरण नीतियों का निर्धारण करते हुए एक कार्य मैनुअल का भी मसौदा तैयार किया गया है, जिसे आपकी कंपनी के निदेशकों द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। एक पर्यावरण मैनुअल भी तैयार किया गया है जिसे जारी किया जा रहा है। शक्तियों के प्रत्यायोजन से संबंधित मैनुअल को भी संशोधित किया जा रहा है।

आपकी कंपनी अपने परिचालन के सभी पहलुओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और समानता को सर्वाधिक महत्व देती है। इसके सभी हितधारकों का महत्व बढ़ाने के उद्देश्य से इसके परिचालन के सभी क्षेत्रों में उच्चस्तरीय मानक हासिल करने के लिए आपकी कंपनी निरन्तर प्रयासरत है। अच्छे निगमित शासन के सिद्धांतों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। कंपनी में अपनाई जा रही निगमित शासन प्रक्रियाओं पर एक अलग रिपोर्ट निदेशक की रिपोर्ट के एक भाग के रूप में आपके समक्ष प्रस्तुत है।

हम, ईपीआई के सभी सदस्य विश्वास करते हैं कि आपकी कंपनी उस समाज के प्रति भी जिम्मेदार है जहां यह अपनी गतिविधियों को संचालित करती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए आपकी कंपनी ने सीआईडीसी के साथ मिलकर अगस्त 2009 में उत्तर-पूर्वी राज्यों के सरकारी विभागों के वरि-ठ स्तर के इंजीनियरों के लिए परियोजना और संविदा प्रबंधन पर नई दिल्ली में एक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का प्रायोजन उत्तर-पूर्वी राज्य विकास मंत्रालय द्वारा किया गया और सभी ने इसकी भूरि-भूरि सराहना की।

उत्तर-पूर्वी राज्यों के वरिठ स्तर के इंजीनियरों के लिए कार्यशाला आयोजित करने के अलावा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के विकास में और तेजी लाने के उद्देश्य से अभी हाल ही में गुवाहाटी में एक क्षेत्रीय कार्यालय खोला गया है। यह विपणन संबंधी प्रयासों को मजबूत करने में सहायक होगा और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में क्रियान्वित की जा रही परियोजनाओं के संबंध में इसके माध्यम से बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सकेगा।

हम, जब सफलता और उत्साहित प्रगति की बात करते हैं तो हमें यह भी स्वीकार करना चाहिए कि सेवाओं की गुणवत्ता और मानव संसाधन प्रबंधन पर विशेा ध्यान देते हुए परिचालन के सभी क्षेत्रों में हमें अपेक्षाकृत अधिक कठिन परिश्रम करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर मैं कंपनी के कर्मचारियों द्वारा लक्ष्यों को हासिल करने के लिए किए गए निठापूर्ण प्रयासों की सराहना करना चाहूंगा और मैं यह आशा करता हूं कि वे कंपनी को नित नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए आगे भी इसी तरह कठिन परिश्रम करते रहेंगे। मैं, कंपनी-बोर्ड के सभी सदस्यों, भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय, अन्य सरकारी विभागों, सांविधिक लेखा परीक्षकों और भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक से प्राप्त सहयोग और मार्गदर्शन के लिए उनके प्रति आभार प्रकट करता हूँ तथा उन्हें धन्यवाद देता हूँ। मैं इस अवसर पर अपने महत्वपूर्ण उपभोक्ताओं, व्यापारिक सहयोगियों और बैंकों, जिन्होंने आपकी कंपनी के प्रति विश्वास व्यक्त किया है, के प्रति भी आभार प्रकट करता हूँ तथा उन्हें भी तहे दिल से धन्यवाद देता हूँ।

भविय में कंपनी की प्रगति के लिए मैं, आप सभी के निरन्तर सहयोग की कामना करता हूँ।

(एस.पी.एस. बक्शी)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

सूचना

इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स इण्डिया लिमिटेड के सभी शेयर होल्डरों को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी की 39वीं वार्षिक आम बैठक मंगलवार 29 सितंबर, 2009 को 3.00 बजे अपराह्न इसके पंजीकृत और निगमित कार्यालय, कोर 3, स्कोप कॉम्पलैक्स (चौथी मंजिल), 7 लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 में होने वाली है। इस बैठक में निम्नलिखित पर चर्चा की जाएगीः

1. कंपनी का 31 मार्च, 2009 को समाप्त होने वाले वित्त र्वा के लिए लेखा परीक्षित तुलन पत्र तथा उसी तारीख को समाप्त होने वाले वित्त र्वा के लिए लाभ और हानि लेखा के साथ-साथ निदेशकों और लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों को प्राप्त करना, उन पर विचार करना और उन्हें अपनाना।
2. इक्विटी शेयरों पर लाभांश की घोाणा।
3. निदेशकों की औपचारिक नियुक्ति करना।

कुमुदनी शर्मा

(कुमुदनी शर्मा)
कंपनी सचिव

टिप्पणियां -

1. कंपनी का कोई भी सदस्य जो बैठक में उपस्थित होने और अपना मत देने का अधिकार रखता है, वह बैठक में उपस्थित होने तथा अपना मत व्यक्त करने के लिए अपने स्थान पर अपना प्रतिनिधि नियुक्त कर सकता है और प्रतिनिधि को इसके लिए कंपनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है।
2. कंपनी के सभी सदस्यों को एतद्द्वारा दो प्रतियों में नामांकन फार्म इस अनुरोध के साथ भेजा जाता है कि वे इसे पूरी तरह से भरकर वापस करेंगे।
3. श्री एस.पी.एस. बक्शी को भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय, भारी उद्योग विभाग के दिनांकः 02.02.2009 के आदेश संख्या 16 (1) 2008-टीएसडब्ल्यू (अंक-।।) के तहत कंपनी का अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया। उन्होंने कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का कार्यभार 05.02.2009 से ग्रहण किया।
4. डा. राम.एस. तरनेजा, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय, भारी उद्योग विभाग के दिनांक 17.02.2006 के आदेश संख्या 16 (13)/2001-टीएसडब्ल्यू (अंक-।।) के अनुसार कंपनी के निदेशक मंडल से उनका कार्यकाल पूर्ण होने के कारण, दिनांक 21.02.2009 से निदेशक पद पर नहीं हैं।
5. श्री सुरजीत मित्रा, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय, भारी उद्योग विभाग के दिनांक 24.08.2009 के आदेश संख्या 16(12)/2001-टीएसडब्ल्यू के अनुसार कंपनी के निदेशक मंडल में नहीं हैं।
6. श्री राजीव बंसल, संयुक्त सचिव, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय, को भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय, भारी उद्योग विभाग के दिनांकः 24.08.09 के आदेश संख्या 16(12)2001-टीएसडब्ल्यू के तहत बोर्ड में अंशकालिक सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

सेवा में,

इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स इण्डिया लिमिटेड के सभी शेयरधारक

प्रतिलिपि :

1. ईपीआई के सभी निदेशक
2. सचिव, भारत सरकार,
   भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय (भारी उद्योग विभाग),
   उद्योग भवन, नई दिल्ली-110001
3. मैसर्स वाकर चंदोक एण्ड कंपनी,
   सनदी लेखाकार
   सांविधिक लेखापरीक्षक,
   एल-41, कनाट सर्कस,
   नई दिल्ली-110001

कुमुदनी शर्मा

(कुमुदनी शर्मा)
कंपनी सचिव

दिनांकः 28 अगस्त, 2009
स्थानः नई दिल्ली

निदेशकों की रिपोर्ट

प्रिय सदस्यगण

निदेशकों को कंपनी के 31 मार्च, 2009 को समाप्त हुए वित्त वर्ा के लेखापरीक्षित लेखा विवरणों के साथ-साथ 39वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

1. वित्तीय विशेाताएं

वर्ा के दौरान कंपनी ने 28.59 करोड़ रूपए (गत वर्ा के 23.69 करोड़ रूपए) का सकल मार्जिन अर्जित किया है तथा 0.78 करोड़ रूपए मूल्यह्रास (गत वर्ा 0.92 करोड़ रूपए), 2.15 करोड़ रूपए ब्याज (गत वर्ा 2.64 करोड़ रूपए) प्रभारित करने के पश्चात कर अदा करने से पहले 25.66 करोड़ रूपए (गत व-र्ा के 20.14 करोड़ रूपए) का कर-पूर्व निवल लाभ अर्जित किया है। इस प्रकार आपकी कंपनी अपने समग्र कार्य-निपादन में निरंतर सुधार करने में समर्थ हुई है अर्थात कंपनी ने लगातार अच्छा कार्य-निपादन किया है।

कंपनी के वित्तीय परिणामों का सारांश नीचे दिया गया हैः

(रू. लाखों में)

क्र.सं.	विवरण	2008-09	2007-08
1.	कुल कारोबार	95870.53	85105.51
2.	सकल मार्जिन	2858.75	2369.09
3.	ब्याज	214.70	263.90
4	मूल्यह्रास	78.16	91.57
5.	कर-पूर्व निवल लाभ	2565.89	2013.62
6.	कर (एफबीटी सहित)	322.34	260.43
7.	कर के पश्चात निवल लाभ	2243.55	1753.19
8.	निबल परिसंपत्ति	12192.79	10778.09

2. कार्य-निपादन

वर्ा 2008-09 के दौरान आपकी कंपनी ने गत वर्ा के 851.06 करोड़ रूपए के कुल कारोबार की तुलना में 958.70 करोड़ रूपए का कुल कारोबार हासिल किया है। इस प्रकार कंपनी ने गत वर्ा की तुलना में 12.65% की वृद्धि दर्ज की है।

कॉपोरेट कार्यालय भवन, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण भारत, दिल्ली

3. पूंजीगत अवसंरचना (ढांचा)

कंपनी की प्राधिकृत और प्रदत्त शेयर पूंजी क्रमशः 909.40 करोड़ रूपए और 35.42 करोड़ रूपए रही है।

4. लाभांश और प्रारक्षित निधि (रिजर्व)

आपके निदेशकों ने दिसंबर, 2008 में घोाित की गई प्रदत्त पूंजी पर 10% (दस प्रतिशत) के अंतरिम लाभांश के अलावा 10% (दस प्रतिशत) के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। इस प्रकार वर्ा 2008-09 के लिए कंपनी की प्रदत्त पूंजी पर 20% (बीस प्रतिशत) का समेकित लाभांश घोाित किया गया है। अंतिम लाभांश का भुगतान कंपनी की वार्षिक आम सभा में शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात किया जाएगा। लाभांश कर पर होने वाला कुल व्यय क्रमशः 7.08 करोड़ रूपए और 1.20 करोड़ रूपए (गत वर्ा क्रमशः 7.08 करोड़ रूपए और 1.36 करोड़ रूपए) होगा।

आपके निदेशक 2.00 करोड़ रूपए (गत वर्ा 1.50 करोड़ रूपए) की राशि कंपनी की सामान्य प्रारक्षित निधि में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव करते हैं तथा शेा लाभंश को आगे ले जाया जाएगा। तद्नुसार 31 मार्च, 2009 को कंपनी के "प्रारक्षित और अधिशेा" लेखे में 86.51 करोड़ रूपए (गत वर्ा 72.36 करोड़ रूपए) उपलब्ध होंगे।

5. आदेश पुस्तिका की स्थिति

वर्तमान वित्त वर्ा के दौरान आपकी कंपनी 4848.21 करोड़ रूपए मूल्य के 82 कार्यदेशों को क्रियान्वित कर रही है।

6. विपणन संबंधी उपलब्धियां

वित्त वर्ा 2008-09 के दौरान कंपनी ने 2430.51 करोड़ रूपए मूल्य की 33 परियोजनाएं प्राप्त की है। कुछ प्रधान परियोजनाओं के विवरण नीचे दिए गए हैं-

(करोड़ रू. में)

क्र.सं.	परियोजना	ग्राहक	मूल्य
1	आंध्रप्रदेश के करीम नगर जिले में राजीव स्वगृह योजना के अंतर्गत विविध प्रकार के आवासीय फ्लैटों (स्टिल्ट+ 9 तल वाले) का निर्माण कार्य (आठ पैकेज)	निदेशक तकनीकी, आंध्रप्रदेश राजीव स्वगृह निगम लिमिटेड, हैदराबाद	643.01
2	उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में विविध निर्माण कार्य (जमा आधार पर)	महानिदेशालय असम राइफल्स, महानिदेशक, असम राइफल्स, शिलांग	211.41
3	सिचाई और सीएडी के दुम्मूगुडेम परियोजना क्षेत्र (सर्किल) के लिए गोदावरी नदी से नागार्जुन सागर तक पानी लाने के लिए टेल पोंड लिंक कैनाल का निर्माण	सिचाई और सीएडी विभाग, आंध्रप्रदेश सरकार, टेकुलापल्ली, खम्माम, आंध्रप्रदेश	172.49
4	बारपेट, असम में फखरुद्दीन अली अहमद चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण कार्य	लोक निर्माण विभाग (बिल्डिंग), असम सरकार, गुवाहाटी	131.76
5	तेजपुर, असम में तेजपुर चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण कार्य	लोक निर्माण विभाग (बिल्डिंग), असम सरकार, गुवाहाटी	125.00
6	धनबाद, झारखण्ड में सीआईएमएफआर के नए कैंपस का निर्माण कार्य (जमा आधार पर)	वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिद, इंजीनियरिंग सेवा प्रभाग, नई दिल्ली	125.00
7	यूआईडीएसएसएमटी (छोटे और मध्यम कस्बों के लिए शहरी अवसंरचना विकास योजना) के अंतर्गत कोलार सिटी, बंगारपेट और मलुर कस्बे के लिए जलापूर्ति योजना	कर्नाटक शहरी जल आपूर्ति एवं जल निकासी मण्डल, बंगलूर	88.89
8	लेपेटकाटा, असम में ब्रह्मपुत्र पेट्रोकेमिकल्स की प्लांट-बिल्डिंग-1 के लिए सिविल, ढांचागत, वास्तुक और विद्युत संबंधी कार्य	ब्रह्मपुत्र क्रेकर एण्ड पोलीमर लिमिटेड, नोएडा, उत्तर प्रदेश	83.96

9	फेज-III रिफाइनरी परियोजना, मेंगलूर रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड, मेंगलूर, कर्नाटक के लिए साइट ग्रेडिंग, सड़कों का निर्माण, स्टोर्म वाटर ड्रेनों और कंपाउण्ड वाल का निर्माण काय	मेंगलूर रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड, मेंगलूर	80.13
10	विद्यासागर सेतु, पश्चिम बंगाल की हावड़ा साइड वाली भूमि में गारमेंट पार्क का निर्माण कार्य	हुगली नदी सेतु आयुक्त, कोलकाता	74.03
11	टर्नकी आधार पर साल्टलेक, कोलकाता में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के लिए क्षेत्रीय कार्यालय के भवन का निर्माण कार्य	कर्मचारी राज्य बीमा निगम, नई दिल्ली	66.98
12	बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण कार्य	लोक निर्माण विभाग बिलासपुर, छत्तीसगढ़	60.41
13	सरदार बल्लब भाई नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नॉलॉजी, सूरत, गुजरात के लिए नए सिविल कार्यों का निर्माण कार्य (जमा आधार पर)	सरदार बल्लब भाई नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी (एसवीएनआईटी), सूरत, गुजरात	60.00
14	जीजीएसआईपीयू, द्वारका, नई दिल्ली के पश्चिमी कैम्पस के फेज-I का निर्माण और विकास	विश्व विद्यालय निर्माण कार्य प्रभाग, गुरू गोविन्द सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीआईएसपीयू), नई दिल्ली	59.96
15	पुत्तूर जल आपूर्ति सुधार योजना, आंध्रप्रदेश	सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं नगर निगम इंजीनियरिंग विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार, नेल्लोर	53.65
16	सिचाई खण्ड (सर्किल), नेल्लोर, आंध्र प्रदेश के लिए पेन्नार, डेल्टा सिस्टम (पैकेज 40) का आधुनिकीकरण	सिचाई एवं सीएडी विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार, नेल्लोर	46.25
17	हिंदुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड की विस्तार सह दिशा परिवर्तन परियोजना (ईडीपी) के लिए सिविल एवं ढांचागत निर्माण कार्य	हिंदुस्तान न्यूजप्रिंट लि. कोट्टायम, केरल	45.74
18	कटक, उड़ीसा स्थित उड़ीसा उच्च न्यायालय भवन का विस्तार	उड़ीसा इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (आईडीसीओ), भुवनेश्वर	42.69

7. समझौता ज्ञापन के अन्तर्गत कार्य-निपादन (मूल्यांकन)

आपकी कंपनी के कार्य-निपादन को लोक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा वर्ा 2007-08 के लिए"उत्कृट" रेटिंग प्रदान की गई है। यह लगातार तीसरी बार ऐसा हुआ है जब लोक उद्यम विभाग द्वारा कंपनी के कार्य-निपादन को"उत्कृट" रेटिंग प्रदान की गई है। कंपनी के लेखा परीक्षित आंकड़ों के आधार पर वर्ा 2008-09 के लिए भी कंपनी अपने कार्य-निपादन के लिए "उत्कृट" रेटिंग प्राप्त करने में सक्षम हुई है।

8. निगमित सुशासन

कंपनी इस सिद्धान्त पर विश्वास करती है कि दीर्घावधि में

अच्छी निगमित सुशासन प्रक्रियाएं अपने सभी शेयरधारकों के लिए धनार्जन सहायक होती हैं। निगमित सुशासन प्रक्रियाओं पर एक रिपोर्ट और प्रबंधन के साथ की गई चर्चा पर आधारित एक विश्लेाण रिपोर्ट निदेशकों की रिपोर्ट के साथ संलग्न की गई हैं।

9. गुणवत्ता एवं पर्यावरणीय प्रबंधन

इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट इण्डिया लिमिटेड भारत की कतिपय ठेकादारी कंपनियों में से ऐसी एक कंपनी है, जिसे आईएसओ 9001: 2000 और आईएसओ 14001 : 2004 प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं; तथा जिसमें गुणवत्ता एवं पर्यावरणीय प्रबंधन प्रणाली (क्यूईएमएस) को शामिल किया गया है। प्रमाणीकरण के क्षेत्र में डिजाइन, खरीदारी तथा संकल्पना से स्थापना तक बहुआयामी औद्योगिक एवं अन्य परियोजनाओं के कार्यान्वयन की अनुमति सम्मिलित है। कंपनी को आईएसओ 14001: 2004 के लिए पुनः प्रमाणीकृत किया गया है अर्थात 03.10.2008 से आगामी 3 वर्ा की अवधि के लिए ईएमएस से प्रमाणित किया गया है। कंपनी को पेशागत स्वास्थ्य और संरक्षा मूल्यांकन सीरीज (ओएचएसएएस) 18001: 2007 अर्थात निगमित कार्यालय के संबंध में पेशागत स्वास्थ्य और संरक्षा प्रबंधन प्रणाली (ओएचएसएमएस) के लिए भी प्रमाणित किया गया है।

10. सर्तकता संबंधी कार्यकलाप

वर्ा 2008-09 के दौरान कंपनी के सतर्कता प्रभाग ने कंपनी के परिचालन को अपेक्षाकृत अधिक पारदर्शी बनाने के लिए बहुत से नए प्रयास किए हैं। सभी प्रकार के निविदा आमंत्रण नोटिस (एनआईटी) को कंपनी की वेबसाइट में अपलोड किया जा रहा है और उच्च मूल्य वाली निविदाओं के निविदा आमंत्रण नोटिसों को व्यापक प्रचार-प्रसार की दृटि से समाचार पत्रों में भी प्रकाशित किया जा रहा है।

कंपनी ने आगामी कार्य योजना के एक भाग के रूप में प्रणाली को मुख्य धारा में लाने और प्रक्रियाओं की पारदर्शिता के लिए एक "कार्य मेनुअल" तैयार किया है, जिसका विमोचन भारी उद्योग विभाग (डीएचआई) के माननीय सचिव, श्री एस.एन. दाश द्वारा 28 जुलाई, 2009 को किया गया। इसके अलावा कंपनी अपने विभिन्न वेंडरों, आपूर्तिकर्ताओं, उप ठेकेदारों और कर्मचारियों को सभी भुगतान ई-भुगतान प्रणाली के माध्यम से करती है।



11. मानव संसाधन विकास

आपकी कंपनी को अपने मानव संसाधन उपयोग पर गर्व है, उनके योगदान से कंपनी ने काफी लंबी यात्रा पूरी की है और भविय में कंपनी काफी तेजी से प्रगति करेगी। कंपनी का मानना है कि इसकी व्यावसायिक योजना को पूरा करने में कंपनी के कर्मचारियों को उपयुक्त ढंग से परिस्थितियों का लाभ उठाना चाहिए। 31 मार्च, 2009 को कंपनी के पास 473 कर्मचारियों का सशक्त कार्यबल मौजूद था।

12. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कार्मिक

31 मार्च, 2009 को कंपनी की नामावली में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के कर्मचारियों की संख्या 107 थी, जो कंपनी के कर्मचारियों की कुल संख्या के 22.62% के बराबर है।

13. शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति (अधिकारी/कर्मचारी)

सामाजिक तौर पर जागरूक संगठन के रूप में अपनी भूमिका पर ध्यान केन्द्रित करने के उद्देश्य से कंपनी अपने कार्यबल में शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का प्रयास करती है। शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को नियमानुसार एवं नीतिगत ढंग से आरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

14. राजभाषा प्रचार-प्रसार

आपकी कंपनी ने राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए गंभीर प्रयास किए हैं। राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठकें नियमित रूप से आयोजित की गई तथा समिति के निर्णयों को कार्यान्वित किया गया। बहुत सी प्रतियोगिताएं जैसे डिक्टेशन, नोटिंग-ड्राफ्टिंग, निबंध लेखन, हस्ताक्षर, वाद-विवाद, चित्र अभिव्यक्ति, क्विज, कविता पाठ आदि हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं, पुरस्कारों और व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी का प्रयोग करने के लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया गया। कर्मचारियों के बच्चों को हिन्दी विाय में उत्तम परिणाम के लिए हमारी प्रतिभा पुरस्कार योजना के माध्यम से पुरस्कृत किया गया।



15. विदेशी यात्रा, ब्राण्ड संवर्धन और विज्ञापन/प्रचार-प्रसार पर व्यय

समीक्षाधीन वर्ा के दौरान विदेश दौरों पर कुल 4.32 लाख रूपए (गत वर्ा 11.89 लाख रूपए), ब्राण्ड संवर्धन पर 17.25 लाख रूपए (गत वर्ा 24.23 लाख रूपए) और विज्ञापन/प्रचार प्रसार पर 48.44 लाख रूपए (गत वर्ा 25.61 लाख रूपए) व्यय हुए।

16. प्रशासनिक व्यय में मितव्ययिता

सरकारी निदेशों को ध्यान में रखते हुए वर्ा 2008-09 के दौरान इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट इण्डिया लिमिटेड में प्रशासनिक व्यय में मितव्ययिता के लक्ष्य को हासिल करने के लिए विशेा प्रयास किए गए।

17. निदेशक मण्डल

वर्तमान में कंपनी के निदेशक मण्डल में सात सदस्य जिनमें अध्ययक्ष-सह प्रबंध निदेशक सहित शामिल हैं, तीन निदेशक प्रकार्यात्मक (फंक्शनल) निदेशक, दो निदेशक प्रशासनिक मंत्रालय से अंशकालिक सरकारी निदेशक, और दो निदेशक अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक हैं। अंतिम वार्षिक आम बैठक की तारीख से कंपनी के निदेशक मण्डल में निम्नलिखित परिवर्तन किए गए हैं -

श्री एस.पी.एस बक्शी को भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय, भारी उद्योग विभाग के दिनांक 02.02.09 के आदेश संख्या 16 (1) 2008-टीएसडब्ल्यू (अंक-।।) के अंतर्गत कंपनी का अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है।

डा. राम एस. तरनेजा, उनकी कार्य-अवधि पूरी होने पर भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय, भारी उद्योग विभाग के दिनांकः 17.02.06 के आदेश संख्या 16(13) 2001-टीएसडब्ल्यू (अंक-।।) के अनुसार दिनांक 21.02.09 से कंपनी के निदेशक मण्डल में निदेशक नहीं हैं।

डा. सुरजीत मित्रा, भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय, भारी उद्योग विभाग के दिनांकः 24.08.09 के आदेश संख्या 16(12) 2001-टीएसडब्ल्यू के अनुसार कंपनी के निदेशक मण्डल में निदेशक नहीं हैं।

श्री राजीव बंसल, संयुक्त सचिव, भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय को भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय, भारी उद्योग विभाग के दिनांक 24.08.2009 के पत्र संख्या



16 (12) 2001-टीएसडब्ल्यू के तहत दिनांक 24.08.2009 से कंपनी के निदेशक मण्डल में अंशकालीन सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

18. निदेशक-उत्तरदायित्व विवरण :

कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 217 (2अअ) के अंतर्गत यथा आवश्यक आपके निदेशकगण एतद् द्वारा सुनिश्चित करते हैं :

(i) यह कि वार्षिक खातों को तैयार करने में सामग्री के प्रेाण से संबंधित उचित स्पटीकरण के साथ सभी लागू लेखाकरण मानकों को अपनाया गया है;

(ii) यह कि निदेशकों ने ऐसी लेखाकरण नीतियों का चयन किया और उन्हें दृढ़तापूर्वक लागू किया और ऐसे निर्णय तथा आकलन किए हैं जो औचित्यपूर्ण एवं विवेकपूर्ण हैं जिसमें 31 मार्च, 2009 को कंपनी के कार्यकलापों की स्थिति और उस तारीख को कंपनी के लाभ की सही और स्पट तस्वीर सामने आए।

(iii) यह कि कंपनी की परिसंपत्तियों की रक्षा और धोखाधड़ी तथा अन्य अनियमितताओं का पता लगाने तथा उन्हें रोकने के लिए कंपनी अधिनियम, 1956 के उपबंधों के अनुसार पर्याप्त मात्रा में लेखाकरण रिकार्ड सुरक्षित रखने के लिए उचित एवं पर्याप्त सावधानी बरती गई है; और

(iv) यह कि वार्षिक लेखे कार्यरत संस्थान के आधार पर तैयार किए गए हैं।

19. लेखा परीक्षक

वित्त वर्ा, 2008-09 के लिए मैसर्स वाकर चंदोक एण्ड कंपनी, सनदी लेखाकार को कंपनी का सांविधिक लेखा परीक्षक तथा उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय के लिए शाखा लेखा परीक्षक नियुक्त किया गया। मैसर्स जी.पी. अग्रवाल एण्ड कंपनी, मैसर्स सिंगवी ओतूरकर एण्ड केलकर तथा मैसर्स सेकर एण्ड मोहन को क्रमशः पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए



शाखा लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। 31 मार्च, 2009 को समाप्त वर्ा के लिए कंपनी के लेखे पर सांविधिक लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट और कंपनी द्वारा किए गए उनके उत्तर रिपोर्ट के साथ संलग्न हैं। 31 मार्च, 2009 को समाप्त वित्त वर्ा के लिए कंपनी के लेखों के संबंध में कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619 (4) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां इस रिपोर्ट के परिशिट में दी गई हैं।

20. विवरणों का प्रकटन

कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 217 (1) (ड़) के प्रावधानों जिन्हें कंपनी (निदेशक मण्डल की रिपोर्ट में विवरणों का दर्शाया जाना) नियमावली, 1988 के साथ पढ़ा गया है, के प्रावधानों के अनुसार ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी आमेलन, विदेशी विनिमय से होने वाली आय और बहिर्गमन से संबंधित सूचना एवं विवरण नीचे दिए गए हैं

20.01 ऊर्जा संरक्षण

निर्माण कार्य से संबंधित संविदाओं में ऊर्जा की बचत के लिए उपलब्ध संभावनाओं के तहत ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रत्येक संभव प्रयास किए जा रहे हैं। कंपनी के कार्यकलापों में विनिर्माण प्रक्रिया के दौरान ऊर्जा का उपयोग प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं होता है, परन्तु ऊर्जा खपत के स्तरों को कम करने के महत्व और प्रतिप्राप्ति तथा पुनः उत्पादन प्रौद्योगिकियों के माध्यम से पुनः उपयोग को ऐसे प्लांट उपस्कर और प्रक्रियाओं के डिजाइनरों द्वारा लगातार ध्यान में रखा जाता है जिनमें ऊमा और अन्य रूपों में ऊर्जा का सदुपयोग शामिल होता है। इसमें ऐसी परियोजनाएं भी शामिल होती हैं; जिनमें ऊमा विनिमय प्रक्रियाओं, हीटिंग, चिलिंग, केल्सीनेशन आदि के साथ रासायनिक प्रतिक्रियाएं होती हैं। ऊर्जा संरक्षण के लक्ष्य को ऊर्जा की दृटि से उत्तम उपस्कर, गैर उपयोगी ऊमा के रिकूपरेटरों, डिजिटल सेंसिंग, नियंत्रण और सिग्नल देने वाली प्रौद्योगिकियों के आधार पर आधुनिक प्रक्रिया नियंत्रण प्रणालियों में निहित उन्नत इंसूलेटिंग विशेाताओं वाले आधुनिक निर्माण उपस्करों के उपयोग के माध्यम से प्राप्त किया जाता है।

पंजाब नेशनल बैंक, लुधियाना (पंजाब) में आंचलिक (जोनल) कार्यालय भवन



भिलाई स्टील प्लांट, भिलाई में रिहीटिंग फर्नेस

20.02 प्रौद्योगिकी आमेलन

कंपनी अपने प्रचालनों में ऐसे नवीनतम प्रौद्योगिकी विकास और नवीन प्रक्रियाओं को लागू और समावेशित करने के लिए निरंतर प्रयास करती है जो इसके व्यवसाय के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे हैं। वैश्विक स्तर पर ख्याति प्राप्त अग्रणी कंपनियों से प्राप्त होने वाली नवीनतम प्रौद्योगिकियों की रेंज जो औद्योगिक परियोजनाओं में सदुपयोग के लिए संगठन में उपलब्ध है, में अम्ल सांद्रण संयंत्र, रासायनिक प्रक्रिया संयंत्र, असाधरण मिट्टी आदि के निर्काण के लिए विशेाज्ञता प्राप्त अयस्क उपचयन सुविधाएं शामिल हैं। कंपनी के विशेाज्ञों को तकनीकी जानकारी के विकास हेतु विभिन्न कार्यक्रमों और गोठियों में तथा प्रशिक्षण के लिए नामित किया जाता है।

20.03 विदेशी विनिमय से होने वाली आय तथा बहिर्गमन

वर्ा 2008-09 के दौरान डिजाइन और परामर्श, उपस्करों और कलपुर्जों के आयात तथा विदेश यात्रा के मद में विदेशी मुद्रा बहिर्गमन 4.32 लाख रूपए तक रहा (गत वर्ा 470.87 लाख रूपए) तथा आपकी कंपनी ने 94.18 लाख रूपए की विदेशी मुद्रा अर्जित की (गत वर्ा 53.78 लाख रूपए)।

21. धारा 217 (2क) के अंतर्गत यथा अपेक्षित कर्मचारियों के संबंधित सांविधिक सूचना

31 मार्च, 2009 को समाप्त वित्त वर्ा के दौरान कंपनी के किसी भी कर्मचारी को 2,00,000/- प्रतिमाह अथवा 24,00,000/- प्रतिवर्ा से अधिक का पारिश्रमिक प्राप्त नहीं हुआ।

22. आभार-प्रदर्शन

आपके निदेशकगण, भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय, भारी उद्योग विभाग और भारत सरकार तथा राज्य सरकारों के अन्य मंत्रालयों व सगठनों से प्राप्त होने वाले सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए हृदय से आभार मानते हैं। आपके निदेशकगण कंपनी की परियोजनाओं से जुड़े उप-संविदाकारों, वेण्डरों और परामर्शदाताओं के सतत् योगदान तथा बैंकों और वित्तीय संस्थानों से प्राप्त होने वाले सहयोग के लिए उनकी

प्रशंसा करते हैं। आपके निदेशकगण कंपनी के सभी कर्मचारियों से प्राप्त सहयोग और सहायता के लिए उनकी हृदय से प्रशंसा करते हैं तथा सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। आपके निदेशकों को पूरा विश्वास है कि आने वाले व-र्षों में सभी स्तरों के कर्मचारी कंपनी के कार्य-निपादन में और अधिक सुधार लाने के लिए अपने-अपने स्तर पर कठोर परिश्रम करना जारी रखेंगे। आपके निदेशकगण सरकारी लेखा परीक्षकों तथा सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा दिए गए सहयोग तथा मार्गदर्शन के लिए उनके प्रति भी आभार व्यक्त करते हैं।

निदेशक मण्डल के लिए तथा उसकी ओर से

(एस.पी.एस. बक्शी)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 02548430

स्थानः नई दिल्ली
तारीखः 24.08.2005

खानापाड़ा, गुवाहाटी में असम रायफल परियोजना

निगमित सुशासन पर रिपोर्ट

1 निगमित सुशासन पर कंपनी की विचारधारा

इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट इण्डिया लिमिटेड (ईपीआई) पारदर्शिता, सत्यनिठा, जवाबदेही, व्यवसायवाद और अपने सभी हितधारकों के लिए मूल्यों की स्थाई अभिवृद्धि के लिए संगठन के प्रति प्रतिबद्धता के सर्वोच्च मानकों का अनुपालन करते हुए सम्मृद्ध निगमित सुशासन के मानदण्डों एवं सिद्धांतों को बढ़ावा देने तथा उन्हें मजबूत बनाने के प्रति अपने आपको आनन्दपूर्वक प्रतिबद्ध करता है। इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट इण्डिया लिमिटेड ने निगमित सुशासन की संहिता पर आधारित दर्शन को अपनाया है, जो निम्नानुसार हैः

"कंपनी के सभी हितधारकों के लिए मूल्य स्थापित करने हेतु व्यावसायिकता का प्रयोग करना और उसे प्रभावी, उत्तरदायी एवं पारदर्शी बनाना।"

2 निदेशक मण्डल

इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट इण्डिया लिमिटेड के निदेशक मण्डल की संरचना बड़ी सुव्यवस्थित ढंग से की गई है। इसमें आठ सदस्य हैं, जिसमें से तीन प्रकार्यात्मक निदेशक (अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक सहित), दो भारत सरकार द्वारा नामित और तीन स्वतंत्र निदेशक हैं। इन स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति सामान्यतः प्रबंधन, इंजीनियरिंग और अर्थव्यवस्था तथा लेखा विभाग आदि क्षेत्रों से की जाती है। मण्डल में निदेशकों की नियुक्ति कंपनी के संगम अनुच्छेद के अनुच्छेद 68 की शर्तों के अनुसार भारत सरकार द्वारा की जाती है।

31 मार्च 2009 को इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट इण्डिया लिमिटेड में तीन प्रकार्यात्मक निदेशक, दो सरकार के नामिती और दो स्वतंत्र निदेशक हैं। स्वतंत्र निदेशक का एक पद खाली है। वर्ा के दौरान डा. राम एस. तरनेजा, अपना कार्यकाल पूर्ण करने पर कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के पद पर नहीं रहे हैं। भारत सरकार, कंपनी के संगम अनुच्छेद के अनुच्छेद 68 की शर्तों के अनुसार इस रिक्त पद को भरने के लिए कार्रवाई कर रही है।

निदेशक मण्डल का स्वरूप, उनकी अवधि, निदेशकों के वर्ग, वर्ा 2008-09 के दौरान हुई मण्डल की बैठकों और आम सभाओं में उनकी उपस्थिति, अन्य कंपनियों के निदेशक के पदों पर कार्य करने आदि से संबंधित विवरण नीचे दिए गए हैं-

नाम	बैठकों में उपस्थिति	वार्षिक आम सभा में उपस्थिति	अन्य कंपनियों के निदेशक के तौर पर कार्य करना	अवधि
(क) प्रकार्यात्मक निदेशक				
श्री एस.पी.एस. बक्शी अध्यक्ष, सह-प्रबंध निदेशक डीआई एन : 02548430	1/1	लागू नहीं	शून्य	05.02.09 - 04.02.14
श्री ए.के. रतवानी निदेशक (परियोजनाएं) डीआईएन : 00730349	4/4	हाँ	शून्य	01.09.06 - 31.08.11
श्री जी.डी. मूरजानी निदेशक (वित्त) डीआई एन : 01454008	4/4	हाँ	शून्य	11.04.07 - 31.08.10

नाम	बैठकों में उपस्थिति	वार्षिक आम सभा में उपस्थिति	अन्य कंपनियों के निदेशक के तौर पर कार्य करना	अवधि
(ख) सरकारी नामिता				
डा. सुरजीत मित्रा अपर सचिव, भारी उद्योग और लोक उद्यम, मंत्रालय डीआईएनः 00122304	4/4	नहीं	6	26.04.07- अगले आदेश तक
श्री आर. असोकन निदेशक, भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय, डीआईएन :01079166	4/4	हाँ	4	01.02.08 - अगले आदेश तक
(ग) स्वतंत्र निदेशक				
श्री अरुण दत्ता डीआईएन : 00180069	4/4	हाँ	5	14.09.05- 13.09.11
डा. राम एस.तरनेजा डीआईएन : 00009395	4/4	हाँ	17	21.02.06 - 20.02.09
श्री अंजन कुमार मित्रा डीआईएन : 00888372	4/4	हाँ	1	11.05.07 - 10.05.10

कंपनी के निदेशक मण्डल की वर्ा के दौरान चार बार (28.04.08, 06. 08.08, 12.12.08 और 11.02.09) बैठकें आयोजित की गई और डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार आवश्यक सभी सूचना मण्डल के समक्ष प्रस्तुत की गई।

कंपनी-मण्डल के निदेशकों का संक्षिप्त परिचय

(i) श्री एस.पी.एस बक्शी (50 वर्ा) श्री एस.पी.एस बक्शी ने इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट इण्डिया लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का कार्यभार फरवरी, 2009 में ग्रहण किया। श्री बक्शी ने राजमार्ग एवं परिवहन इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर और मानव संसाधन विकास में एमबीए की डिग्री प्राप्त की है। वे इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इण्डिया) के फैलो सदस्य और इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसपोर्टेशन इंजीनियर्स, यूएसए के सदस्य हैं। श्री बक्शी के पास टर्नकी आधार पर बड़ी बिल्डिंगों और हवाई अड्डों तथा राजमार्ग परियोजनाओं के विशेा संदर्भ में परियोजना की आयोजना तैयार करने और उसके प्रबंधन का 30 वर्ा का सम्मृद्ध और व्यापक अनुभव है। श्री बक्शी ने इन विशाल परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि एवं लागत में पूरा किया। उन्होंने सार्वजनिक एवं निजी भागीदारी आधार पर भी परियोजनाओं पर काम किया है। श्री एस.पी.एस. बक्शी ने इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट इण्डिया लिमिटेड में सेवाएं शुरू करने से पहले एयरपोर्ट अथॉरिटी आफ इण्डिया और भारतीय राट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण में उच्च पदों पर कार्य किया है। उन्होंने एयरपोर्ट और राजमार्ग से जुड़ी राट्रीय महत्व की अवसंरचनात्मक परियोजनाओं पर भी काम किया है।

(ii) श्री ए.के. रतवानी (52 वर्ा) श्री ए.के. रतवानी ने इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट इण्डिया लिमिटेड में निदेशक (परियोजनाएं) के रूप में सितंबर, 2006 में कार्य ग्रहण किया। श्री रतवानी एक सिविल इंजीनियर हैं तथा

उन्होंने मार्केटिंग में एमबीए की डिग्री प्राप्त की है। श्री रतवानी को विपणन, परियोजना प्रबंधन, परियोजना-क्रियान्वयन और रियल इस्टेट से जुड़ी परियोजनाओं का 30 वर्ा से अधिक अवधि का सम्मृद्ध और व्यापक अनुभव है। श्री रतवानी ने भारत व विदेशों में बहुआयामी परियोजनाओं पर काम किया है। इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट इण्डिया लिमिटेड में कार्य ग्रहण से पहले श्री रतवानी ने 28 वर्ा से अधिक अवधि तक निर्माण कार्य से जुड़े संगठनों और सार्वजनिक उपक्रमों में कार्य किया है। परियोजना प्रबंधन और क्रियान्वयन में सघन अनुभव के साथ श्री रतवानी ने संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के लिए कंपनी के प्रचालन को मुख्य धारा में लाने का काम किया है, इसके परिणास्वरूप ईपीआई के परिचालनों में कुशलता आई है और लाभ में सुधार हुआ है। उनकी विपणन कुशाग्रता से ईपीआई की वर्तमान आदेश पुस्तिका स्थिति में पिछले वर्ा की तुलना में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है।

(iii) श्री जी.डी. मूरजानी (59 वर्ा) श्री जी.डी. मूरजानी, निदेशक (वित्त) ने ईपीआई में निदेशक (वित्त) के रूप में अपनी सेवा की शुरूआत अप्रैल, 2007 में की थी। उन्हें निगमित वित्त एवं प्रबंधन का 30 वर्ा से भी अधिक का सम्मृद्ध अनुभव है। ईपीआई में निदेशक (वित्त) का पदभार संभालने से पहले श्री मूरजानी कंपनी के कार्यकारी निदेशक (वित्त) और कंपनी सचिव के रूप में कार्यरत थे। वह कंपनी के संपूर्ण वित्तीय प्रबंधन के संदर्भ में दिशानिर्देश देते हैं, इसमें वार्षिक वित्तीय योजना, बजटीय नियंत्रण, नकदी प्रबंधन एवं अन्य विाय भी शामिल होते हैं। वह कंपनी की निगमित सुशासन रूपरेखा के संदर्भ में भी दिशानिर्देश देते हैं। वह इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एण्ड वर्क्स अकाउन्टेंट्स ऑफ इण्डिया और इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सैक्रेटरीज ऑफ इण्डिया के फैलो सदस्य हैं।

(iv) डा. सुरजीत मित्रा (57 वर्ा) डा. सुरजीत मित्रा, अपर सचिव ने भारत सरकार के नामिती के रूप में इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट इण्डिया लिमिटेड के मण्डल में 26 अप्रैल, 2007 से अपनी सेवाएं प्रारंभ की। भारी उद्योग विभाग में अपर सचिव के रूप में अपनी कार्य-अवधि से पूर्व डा. मित्रा बहुत से महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रह चुके हैं, जिसमें संयुक्त सचिव (भारी उद्योग विभाग), वाणिज्य मंत्रालय में ईएससीएपी हेतु संयुक्त सचिव, वाणिज्य मंत्रालय में एएसईएएन, पैट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार और प्रधान/मुख्य सचिव (आयोजना एवं विकास), असम सरकार प्रमुख रूप से उल्लेखनीय हैं। डा. मित्रा को मंत्रालय और विभाग यथा ग्रामीण विकास मंत्रालय, पर्यटन, संचार, रक्षा, गृह, वाणिज्य, पेट्रोलियम, उत्तर-पूर्वी विकास का अच्छा अनुभव है, इसके अलावा श्री मित्रा को विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा भी महत्वपूर्ण कार्य समय-समय पर सौंपे जाते रहे हैं। डा. मित्रा ने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय (यू.के.) से अर्थशास्त्र में डॉक्ट्रेड की है। डा. मित्रा को प्रशासनिक और शैक्षणिक क्षेत्र में मिलने वाले पुरस्कार तथा मान्यता में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय (अंतर्राट्रीय व्यापार) का क्वीन एलिजाबेथ फैलो और सेंटर फार पॉलिसी रिसर्च (दक्षिण-दक्षिण सहयोग) में मानद प्राध्यापक होना भी शामिल हैं। डा. मित्रा भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, एचएमटी इण्टरनेशनल लिमिटेड, एचएमटी लिमिटेड, एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड, सीमेंट कारपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड और हिंदुस्तान पेपर कारपोरेशन लिमिटेड के बोर्डों में भी निदेशक के रूप में रहे हैं।

(v) श्री आर.असोकन (53 वर्ा) श्री आर. असोकन, भारी उद्योग विभाग, भारत सरकार के एकीकृत वित्त स्कंध में निदेशक के पद पर तैनात हैं। उन्होंने इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट इण्डिया लिमिटेड के मण्डल में सरकार के नामिती निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं 01.02.08 से प्रारंभ की। श्री असोकन कॉस्ट एण्ड वर्क्स, अकाउण्टेंट हैं और उन्होंने वाणिज्य विाय में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है। भारी उद्योग विभाग में अपनी सेवा अवधि से पूर्व श्री असोकन ने आर्थिक कार्य विभाग, औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग (बीआईसीपी, टैरिफ आयोग), व्यय विभाग, कंपनी कार्य विभाग और उर्वरक विभागों में कार्य किया है। सन् 1989 में भारतीय लागत लेखा विभाग में कार्य ग्रहण से पूर्व श्री असोकन ने 9 वर्ा तक नेवेली लिग्नाइट कारपोरेशन लिमिटेड में कार्य किया है। श्री असोकन सीमेंट कारपोरेशन ऑफ इण्डिया, भारत

भारी उद्योग निगम लिमिटेड, नेपा लिमिटेड, और हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन लिमिटेड के बोर्डों में भी नामिती निदेशक हैं।

(vi) श्री अरुण दत्ता (62 वर्ा) श्री अरुण दत्ता की इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट इण्डिया लिमिटेड के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति दिनांकः 14.09.2005 से 3 वर्ा के लिए की गई थी। भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय द्वारा श्री दत्ता का कार्यकाल 14.09.2008 से आगे 03 वर्ा के लिए बढ़ा दिया गया है। श्री दत्ता मैकेनिकल इंजीनियर हैं और विपणन प्रबंधन में उन्होंने स्नातकोत्तर डिपलोमा हासिल किया है। वह एक स्वतंत्र व्यवसायिक सलाहकार हैं तथा उन्हें निगमित नीति, परियोजना प्रबंधन और हैवी इंजीनियरिंग, पावर, अवसंरचना, जल एवं परिवहन जैसे क्षेत्रों में विपणन का सुदीर्घ अनुभव है। श्री दत्ता इण्डिया सीमेंट लिमिटेड के बोर्ड में भी स्वतंत्र निदेशक हैं।

(vii) श्री अंजन कुमार मित्रा (62 वर्ा) श्री अंजन कुमार मित्रा ने ईपीआई के निदेशक मण्डल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में 11 मई, 2007 से कार्य ग्रहण किया। श्री मित्रा इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स ऑफ इण्डिया के फैलो सदस्य हैं तथा वे विधि स्नातक हैं। वे "मित्रा एण्ड एसोसिएट्स" नामक एक चार्टर्ड अकाउण्टेंट फर्म के मालिक तथा यूनाइटेड मोहन बागान फुटबाल टीम प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं। श्री मित्रा को कराधान, बैंक लेखापरीक्षा और सरकारी लेखापरीक्षा का सुदीर्घ अनुभव है।

3. लेखा-परीक्षा समिति

क. लेखा-परीक्षा समिति का स्वरूप

17 जनवरी, 2008 को आयोजित निदेशक मण्डल की बैठक में केन्द्र सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए निगमित सुशासन से संबंधित दिशानिर्देशों के अनुसार लेखा परीक्षा समिति का गठन किया गया और इस समिति की निबंधन और शर्तें निगमित सुशासन से संबंधित दिशानिर्देशों के अनुसार ही तय की गई।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भवन, मुम्बई

डा. राम एस. तरनेजा, स्वतंत्र निदेशक और साथ ही लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष के रूप में फरवरी, 2009 में अपना कार्यकाल पूरा किया इस कारण लेखा परीक्षा समिति का जून, 2009 में पुनर्गठन किया गया। श्री आर. असोकन, निदेशक (एकीकृत वित्त स्कंध), भारी उद्योग विभाग और आपकी कंपनी के निदेशक मण्डल में सरकारी नामिती को इसमें शामिल किया गया। समिति का वर्तमान स्वरूप निम्नानुसार हैः

नाम	वर्ग
श्री अंजन कुमार मित्रा, अध्यक्ष	स्वतंत्र निदेशक
श्री आर. असोकन, सदस्य	सरकारी नामिती
श्री ए.के. रतवानी, सदस्य	निदेशक (परियोजनाएं)

वर्ा के दौरान लेखा परीक्षा समिति की 04 बैठकें क्रमशः 16 मई, 2008, 23 जुलाई, 2008, 11 नवम्बर, 2008 एवं 11 फरवरी, 2009 को आयोजित की गई।

ख. लेखा परीक्षा समिति की भूमिका और शक्तियां

मण्डल द्वारा लेखा परीक्षा समिति की भूमिका और शक्तियों को सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीआई) दिशानिर्देशों में दिए गए ब्यौरे के अनुसार अपनाया गया है।

4. पारिश्रमिक समिति

ईपीआई के निदेशक मण्डल ने कंपनी के कर्मचारियों

शाहजहाँ रोड़, नई दिल्ली में यूपीएससी का नवीन भवन

को परिलब्धियों के संदर्भ में सिफारिशें प्रस्तुत करने के उद्देश्य से एक पारिश्रमिक समिति का गठन किया है। पारिश्रमिक समिति का पुनर्गठन भी निदेशक मण्डल की दिनांकः 09 जून, 2009 को आयोजित की गई 207 वीं बैठक में किया गया। इसमें डा. राम एस. तरनेजा के स्थान पर स्वतंत्र निदेशक श्री अंजन कुमार मित्रा को और श्री अरुण दत्ता, स्वतंत्र निदेशक के स्थान पर सरकारी नामिती श्री आर. असोकन को इस समिति में शामिल किया गया। समिति का वर्तमान स्वरूप निम्नानुसार हैः

नाम	वर्ग
श्री आर असोकन, अध्यक्ष	सरकारी नामिती
श्री अंजन कुमार मित्रा, सदस्य	स्वतंत्र निदेशक
श्री जी.डी. मूरजानी, सदस्य	निदेशक (वित्त)

वर्ा के दौरान पारिश्रमिक समिति की एक बैठक कंपनी में संशोधित वेतनमानों के कार्यान्वयन के संबंध में सिफारिश करने के लिए 31 जनवरी 2009 को आयोजित की गई, जिसमें सभी सदस्य उपस्थित थे।

5. प्रकटन

(i) वर्ा 2008-09 के दौरान प्रकार्यात्मक निदेशकों को भुगतान किए गए पारिश्रमिक तथा स्वतंत्र निदेशकों को किए गए बैठक शुल्क भुगतान के विवरण निम्नानुसार हैं -

अ : प्रकार्यात्मक निदेशक

(रू. में)

निदेशकगण	वेतन	परिलब्धि	योग
श्री एस.पी.एस. बक्शी अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (05.02.2009 से प्रभावी)	150324	3500	153824
श्री ए.के. रतवानी निदेशक (परियोजनाएं)	1142543	68201	1210744
श्री जी.डी. मूरजानी निदेशक (वित्त)	1380835	66816	1447651

ब. स्वतंत्र निदेशक

(रू. में)

निदेशक	बैठक शुल्क
श्री अरुण दत्ता	रू. 28,000
डा. राम एस.तरनेजा	रू. 44,000
श्री अंजन कुमार मित्रा	रू. 36,000

(i) वर्ा के दौरान, प्रकार्यात्मक निदेशकों के वेतन और गैर प्रकार्यात्मक निदेशकों की बैठक शुल्क को छोड़कर कोई संबंधित पार्टी का लेनदेन नहीं किया गया।

(ii) सांविधिक बकायों की स्थिति के साथ-साथ सांविधिक अनुपालन रिपोर्ट निदेशक मण्डल के समक्ष नियमित रूप से प्रस्तुत की जा रही है।

(iii) यह पुनः सुनिश्चित किया जाता है कि अपील के अधीन बिक्री कर संबंधी मामले को छोड़कर किसी भी सांविधिक निकाय द्वारा कोई भी शास्ती, निन्दा आदि अधिरोपित नहीं की गई है।

कंपनी लेखा परीक्षा समिति के गठन को छोड़कर सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए निगमित सुशासन के संबंध

डब्लूएसएस वरियाव - 14 मी व्यास पंप हाउस एवं 60 एमएलडी डब्लूटीपी सहित 15 मी. गहरी नदी में 10 मी. व्यास अन्तरग्रहण कूप (इनटेक वैल) का दृश्य

में जारी किए गए दिशा निर्देशों की सभी अपेक्षाओं का अनुपालन कर रही है। लेखापरीक्षा समिति का गठन इसलिए लंबित है क्योंकि दिनांक 21/02/2009 से एक स्वतंत्र निदेशक का कार्यकाल पूरा होने के कारण एक पद रिक्त हो गया है और जोखिम प्रबंधन नीति का भी निरूपण किया जा रहा है।

(iv) वर्ा के दौरान, भारत सरकार द्वारा जारी किए गए अध्यक्षीय दिशानिर्देशों का कंपनी द्वारा अनुपालन किया गया है।

(v) वर्ा के दौरान, निदेशक मण्डल और उच्च प्रबंधन के लिए होने वाला निजी प्रकृति का कोई भी व्यय और ऐसा कोई व्यय जो व्यावसायिक खर्च के उद्देश्य से न किया गया हो, को कंपनी की खाताबही से नहीं निकाला गया (डेबिट)।

6. आम बैठकें

वित्त वर्ा के लिए वार्षिक आम बैठकें	वार्षिक आम बैठक की तारीख एवं समय	स्थान
2007-08	26 सितम्बर, 2008, सायं 3.30 बजे	कोर 3, स्कोप कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली
2006-07	21 सितम्बर, 2007, सायं 3.30 बजे	कोर 3, स्कोप कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली
2005-06	29 सितम्बर, 2006, सायं 3.30 बजे	कोर 3, स्कोप कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली

7. शेयर धारकों के साथ सम्प्रेाण के साधन

कंपनी की प्रदत्त शेयर पूंजी भारत सरकार और केन्द्र सरकार के स्वामित्व वाले सार्वजनिक क्षेत्र के सात उपक्रमों के पास है। कंपनी की प्रदत्त पूंजी में से 99.98% भारत सरकार के पास है। कंपनी अपनी पूर्ण वार्षिक रिपोर्ट और कंपनी से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं सभी शेयर धारकों की सूचनार्थ वेबसाइट पर प्रदर्शित करती है। वार्षिक रिपोर्ट और शेयरधारकों से

संबंधित अन्य कागजात उन्हें वास्तविक रूप में नियमित रूप में भेजे जा रहे हैं।

8. लेखा परीक्षा संबंधी अर्हताएं

दिनांक 31 मार्च, 2009 को समाप्त वित्त वर्ा के लेखों के संबंध में भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 619 (4) के अन्तर्गत की गई टिप्पणियां और सांविधिक लेखा परीक्षकों की टिप्पणियां कंपनी की टिप्पणियों सहित निदेशकों की रिपोर्ट के परिशिट में दी गई हैं।

9. निदेशक मण्डल के लिए प्रशिक्षण

